पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

न्यू भेड़ाघाट मप्र सहित अन्य राज्यों में बनाएगा अलग पहचान

## तैयार हो रहा विश्वस्तरीय ग्लास ब्रिज

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी सौगात तैयार की जा रही है। न्यू भेड़ाघाट में नर्मदा नदी के ऊपर विश्व स्तरीय ग्लास ब्रिज बनाया जा रहा है। इस ब्रिज पर खड़े होकर पर्यटक नर्मदा नदी और आसपास के प्राकृतिक नजारों को बेहद करीब से देख सकेंगे। सूत्रों की माने तो लगभग 5 करोड रुपए की लागत से बनाया जा रहे इस ब्रिज आने वाले कुछ महीनो में पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। वही इसके जुड़ने से भेड़ाघाट को मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में एक मजबूत पहचान मिलेगी।



### पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा

संस्कारधानी का न्यू भेड़ाघाट स्थान जहां पर संगमरमर की वादियां और मां नर्मदा की आवाज जो हर सैलानियों को इस खूबसूरती का नजारा देखने के लिए रुकने पर मजबूर कर देती है। बहुत जल्द अब इस खूबसूरती में चार चांद लग जाएगा। एमपीटी के अधिकारियों की माने तो न्यू भेड़ाघाट में केंटीलीवर ग्लास ब्रिज बनवाया जा रहा है। जहां से व्यू प्वाइंट ऐसा होगा जो पर्यटकों को नर्मदा का एक अलग ही रूप दिखाएगा। हालांकि इस ब्रिज का निर्माण बहुत दिनों से चल रहा था जो बारिश के चलते कुछ महीनों के लिए रोका गया था। जिसमें अब गति आ चुकी है। जानकारी के अनुसार यह ग्लास ब्रिज लगभग पांच करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। इसकी लंबाई 18 मी. 59 फीट, चौड़ाई 2.10 मी. 6 फीट 10 इंच होगी। ब्रिज स्टील फ्रेम का बनाया जा रहा है, जिसमें ग्लास फ्लोर लगाया जाएगा।

### अभी रोपवे के अलावा विकल्प नहीं

भेड़ाघाट में हर साल हजारों की संख्या में देश विदेश के पर्यटक घूमने आते हैँ। अभी उनके लिए धुआंधार, बंदरकूदनी, बोटिंग के साथ रोपवे की सुविधा उपलब्ध है। जो कुछ ही देर में खत्म हो जाती है या पर्यटकों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। ग्लास ब्रिज बनने के बाद यहां का रोमांच और बढने की उम्मीद है। जो पर्यटकों को कुछ दिन रोकने पर मजबूर कर देगा।

## दुकानदार को मारा चाकू

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत दुर्गानगर में शराब पीने के लिए रूपए की मांग पूरी न होने पर बदमाश ने दुकानदार को चाकू मार दिया। हमले में घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक मुकेश गोटिया 20 वर्ष निवासी शनि किराना स्टोर के पीछे दुर्गानगर ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह झंडा चौक के पास किराना दुकान में काम करता है। बुधवार रात्रि करीब नौ बजे दुकान बंद होने के बाद वापस अपने घर जा रहा था दुर्गानगर शनि किराना स्टोर के आगे मेन रोड़ में मोहल्ला का रोहित विश्वकर्मा मिला जो उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया इसी बात पर रोहित विश्वकर्मा ने चाकू से हमलाकर उसके वायें पैर में चोट पहुंचा और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## ओडिशा से ट्रक में आई गांजे की खेप एसटीएफ ने पकड़ी

1 करोड़ 80 लाख का गांजा ट्रक समेत जब्त, दो गिरफ्तार



**जबलपुर।** ओडिशा से मध्य प्रदेश लाया जा रहा 599 किलोग्राम गांजा ट्रक सहित एसटीएफ जबलपुर ने पकड़ा है। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपये, ट्रक की कीमत लगभग 30 लाख रुपये है। ट्रक में लोहे की चादर से विशेष गुप्त कम्पार्टमेंट बनाया गया था जो बाहर से दिखाई नहीं देता था। इस कम्पार्टमेंट में गांजे के पैकेट्स छिपाकर परिवहन किया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक एसटीएफ जबलपुर को सूचना मिली ओडिशा से ट्रक में गांजे की खेप मप्र लाई जा रही है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ जबलपुर राजेश सिंह भदौरिया के निर्देशन में दो विशेष टीमें गठित की गईं। इनका नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार तिवारी एवं निरीक्षक गणेश सिंह ठाकुर ने किया। उप निरीक्षक गोपाल सूर्यवंशी, प्रधानआरक्षक निर्मल पटेल, संपूर्णानंद, अंजनी पाठक, विनय कोरी, आरक्षक राहुल रजक, मनीष तिवारी, निलेशदुबे, रूपेश राय एवं नारायण प्रसाद के साथ जिला अनूपपुर, थाना जेतहरी के घने जंगल मार्ग में घेराबंदी की गई। संभल (ओडिशा) से मैहर (मध्य प्रदेश) जा रहा ट्रक क्रमांक जेएच 02 बीएल 7103 को जिला अनूपपुर, जेतहरी के घने जंगल मार्ग में रोका गया। ट्रक की सर्चिंग के दौरान 599 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। साथ ही ट्रक में सवार अंकित विश्वकर्मा, निवासी जिला सीधी, धनंजय सिंह पटेल, निवासी जिला सतना को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से गांजे के स्रोत, अवैध परिवहन, विक्रेताओं, क्रेताओं से संबंधित जानकारी के लिए विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

### लोहे की चादर से बना था गुप्त कम्पार्टमेंट

एसटीएफ ने ट्रक की सर्चिंग तो पता चला कि ट्रक में लोहे की चादर से विशेष गुप्त कम्पार्टमेंट बनाया गया था जो बाहर से दिखाई नहीं देता था जिसे खुलवाया गया तो टीम दंग रह गई। इस कम्पार्टमेंट में गांजे के पैकेट्स छिपाकर परिवहन किया जा रहा था।

## अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ऐंठे 1 .78 लाख

**जबलपुर।** रांझी निवासी एक महिला का मोबाइल हैक करने के बाद उसकी फोटो को अश्लील बनाकर वायरल करने की धमकी देकर आरोपियों ने 1 लाख 78 हजार रूपए ऐंठ लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रांझी निवासी महिला का एक युवक ने मोबाइल हैक किया। इसके बाद उसकी फोटो को मार्फ कर आपत्तिजनक तस्वीरें बनाई। इसके बाद वॉटसएप पर वीडियो कॉल किया जिसकी उसने स्क्रीन रिकॉर्ड की और इसके बाद फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल



करते हुए रूपए मांगने लगा। इसके बाद महिला ने अपने जेवर गिरवी रखे और 1 लाख 78 हजार रूपए आरोपी के बताये अनुसार खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद वे लगातार पैसों की डिमांड करने लगा जिसके बाद पीड़िता ने अपने पति को आपबीती सुनाई और मामला थाने तक पहुंचा। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

## सिर्फ कागजों पर नहीं चलेगा काम, फील्ड पर रहना होगा मुस्तैद : निगमायुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए नगर निगम अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने लोककर्म विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को दो-टूक शब्दों में निर्देश दिए हैं कि शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की क्वालिटी से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।



बैठक के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनता की सुविधा के लिए बनाई जा रही सड़कें, नालियां और अन्य निर्माण कार्य मानक मानदंडों के अनुरूप होने चाहिए। उन्होंने कहा, 'अधोसंरचना विकास के कार्यों में गुणवत्ता हमारी प्राथमिकता है। बेहतर कार्य प्रणाली से ही हम शहर को लंबी अवधि तक चलने वाली संपत्तियां दे सकते हैं।' बैठक में निगमायुक्त ने ये भी कहा कि अब केवल कागजों पर काम नहीं चलेगा।

अधिकारियों को प्रतिदिन फील्ड में भ्रमण कर निर्माण कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने और क्वालिटी चेक करने की जरूरत है। जानकारी के अनुसार अब सभी संभागीय यंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की विस्तृत पीपीटी बनाकर निगमायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। इसमें कार्य की प्रगति, और पूर्ण होने की समय-सीमा का स्पष्ट उल्लेख होगा। बैठक में अपर आयुक्त वी एन बाजपेई, अरविंद सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा के साथ सभी संभागों के संभागीय यंत्री उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट ने जारी किया सरकार व मंडी बोर्ड को नोटिस

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने किसानों की ओर से दायर अवमानना अपील पर प्रदेश शासन और म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड को नोटिस जारी कर यह स्पष्ट करने को कहा है कि 20 फरवरी 2018 के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। उक्त आदेश में कहा गया था कि कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 36(3) के तहत जिन अधिसूचित कृषि उपजों का समर्थन मूल्य (एमएसपी) सरकार द्वारा घोषित है, उनकी खरीदी एमएसपी से कम पर नहीं की जा सकती तथा नीलामी एमएसपी से नीचे शुरू नहीं होगी। मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक को 90 दिनों में कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। भारत कृषक समाज महाकौशल म.प्र. के अध्यक्ष इंजीनियर के.के. अग्रवाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बावजूद मंडी बोर्ड ने लगभग तीन वर्षों तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बालाघाट के अन्नदाता कृषक संगठन के एम.एम. श्रीवास्तव की पहल पर याचिका में पारित आदेश के पालन हेतु शासन-प्रशासन स्तर पर प्रयास हुए, लेकिन परिणाम नहीं निकला। भारत कृषक समाज के जे.आर. गायकवाड़, रूपेंद्र पटेल, सुभाष चंद्रा, एडवोकेट रामगोपाल पटेल, एडवोकेट रमेश पटेल, रामकिशन पटेल, विवेक पटेल और जितेंद्र देसी सहित अन्य ने इसे एमएसपी की लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## ट्रक-लोडिंग ऑटो में भिड़ंत, तीन दबे, गेट तोड़कर निकाला गया बाहर

सूरतलाई में एक्सीडेंट पुलिस बेखबर

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत सूरतलाई पुल के पास एक ट्रक और लोडिंग ऑटो में भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो सवार तीन लोग दब गए। एक्सीडेंट से मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद सब्बल से गेट तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया और उन्हें अस्पताल भेजा गया। वहीं इस हादसे से माढ़ोताल पुलिस बेखबर रही।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सूरतलाई पुल के नजदीक एक बड़े ट्रक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए लोडिंग ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो में सवार तीन लोग दब गए। एक्सीडेंट से मौके पर जाम लग गया और राहगीरों ने कड़ी मशक्कत करते हुए शब्बल से गेटको तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जब माढ़ोताल टीआई वीरेन्द्र सिंह पवार से संपर्क किया तो उनका कहना रहा कि ऐसे किसी एक्सीडेंट की उन्हें जानकारी नहीं है। थाने में जब संपर्क किया तो पुलिस का कहना रहा कि एक्सीडेंट की जानकारी नहीं है और न ही सूरतलाई में सड़क दुर्घटना संबंधी कोई कायमी हुई है।

### लोडिंग वाहन ने 11 केव्ही लाइन के पोल को मारी टक्कर

कुंडम थाना अंतर्गत खिन्हा में निर्माणाधीन टोल नाका के पास एक लोडिंग वाहन ने 11 केव्ही विद्युत लाइन पोल को टक्कर मार दी। विद्युत तार वाहन में फंस गए जिन्हें खींचते हुए तीन पोल, 6 पोल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के मुताबिक बघराजी विद्युत वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम खिन्हा में रोड एवं टोल नाके का निर्माण कार्य किया जा रहा है। लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 22 एच 4811 के चालक ने रोड किनारे लगे विद्युत लाईन के पोल में लगे विद्युत तार (लाईन) को न देखते हुये लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये 11 केव्ही विद्युत लाईन के खम्भे में टक्कर मारकर उसे खींचते हुये 3 पोल तोड़ दिये गये एवं 6 पोल लाईन के विद्युत खम्भे व तार पूर्णत: क्षतिग्रस्त कर दिये जिससे लगभग 1.25 लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

## लोहे की फैंसिंग में फंसकर उलझे लंगूर के बच्चे को बचाया

**जबलपुर।** तिलवारा थानांतर्गत क्रेशर बस्ती में शाम साढ़े पांच बजे एक लंगूर (काले मुंह के बंदर) का बच्चा उछल कूद करते हुए लोहे की फैंसिंग में फंसकर उलझ गया उसे छुड़ाने के लिए उसकी मां बराबर प्रयास कर रही थी। अंतत: स्थानीय हरिशंकर केवट ने सर्प एवं वन्य प्राणी विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए बंदर के बच्चे को जैसे ही फैंसिंग से मुक्त कराया वैसे ही विद्युत गति से मादा लंगूर अपने बच्चे को झपट कर ले गई।

## अटल जी ने कभी सिद्धांत और नैतिकता से समझौता नहीं किया : राकेश सिंह

अटल स्मृति पर्व पर भाजपा की जिला संगोष्ठी



**नवभारत, जबलपुर।** अटल स्मृति पर्व पर भाजपा की जिला संगोष्ठी जिला भाजपा रानीताल में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य वक्ता लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा अटल जी का नाम आते है एक सम्मान का भाव सभी के मन में आता है, अटल जी ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिनके जीवन से केवल और केवल सीखने मिलता है, प्रेरणा मिलती है और उन्होने कभी सिद्धांत और नैतिकता से समझौता नहीं किया। वहीं सांसद आशीष दुबे ने हुए कहा विपक्ष के नेता भी उनसे प्रेरित थे और उनका आदर करते थे आज उनकी जन्म जयंती पर उन्हें नमन करते हुए हम उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लें। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, प्रदेश महामंत्री संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, शरद जैन, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, सदानंद गोडबोले, संदीप जैन, पंकज दुबे, रंजीत पटेल, कमलेश अग्रवाल, अभय सिंह ठाकुर, शंकर श्रीवास्तव,, योगेंद्र सिंह राजपूत, प्रणीत वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## नदी किनारे सजा था जुआ फड़ पुलिस की रेड , चार भागे, दो पकड़ाए

**जबलपुर।** बरेला पुलिस ने बसनिया टोला नदी के किनारे सजे जुआ फड़ पर छापा मारकर दो जुआरियों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 30 हजार 500 रूपये जप्त किए गए। जबकि चार जुआरी पुलिस को चकमा देकर भाग गए।टीआई अनिल पटेल ने बताया कि बसनिया टोला नदी के किनारे ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे विष्णु गिरी निवासी ग्राम चारघाट एवं रत्नेश लोधी निवासी कटियाघाट को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आकाश उर्फ रेन्चू निवासी देवरी, जितेन्द्र उर्फ पप्पू मिश्रा, सुनील दुबे तीनों निवासी बसनिया, राजदीप चावरे निवासी चेतना मैदान बिलहरी भाग गए। पकड़े गए जुआड़ियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं नगदी 30 हजार 500 रूपये जप्त करते हुये जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## हथियारों से लैस दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में हथियारों से लैस दो पक्ष भिड़ गए। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मोह. शहजाद 44 वर्ष निवासी मक्का नगर गली नम्बर 2 ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जेसीबी चलवाने का काम करता है। आनंद नगर पानी टंकी निवासी अल्जेब, अल्सेफ अपने मामा आजम के साथ आये जो हाथों में तलवार चाकू, रॉड, डंडा लिये थे और उसके घर में घुसकर चारों पुराने विवाद को लेकर उसे



जान से मारने की नियत से हमलाकर चोट पहुँचा दी, बेटे हसनैन एवं अब्दुल अल्हादी आकर उसे बचाने की कोशिश किये उश पर भी हमला कर चोट पहुँचा दी। वहीं मोहम्मद अल्जेब खान 23 वर्ष निवासी आनंद नगर पानी की टंकी के पास हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूर्व में अधारताल थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के विवाद पर शहजाद ने लोहे की रॉड से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी, हादी हसनैन ने हाथ मुक्कों से एवं सलीम ने डंडा से मारपीट किया बीच बचाव में भाई अल्फेद एवं मामू आजम के सिर हाथ में चोंटें आईं।

## आबकारी ने पकड़ी चार लाख की शराब

**जबलपुर।** गोरखपुर अंतर्गत कालीबाड़ी कृपाल चौक, हाथीताल एवं गुप्तेश्वर क्षेत्र में आबकारी ने कार्रवाई करते हुए चार लाख रूपए की शराब पकड़ी। ब्रांड्स की विदेशी मदिरा का जखीरा जब्त करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक के रिहायशी मकान में जब आबकारी ने दबिश दी। तलाशी के दौरान मौके से भारी मात्रा में उच्च श्रेणी की विभिन्न ब्रांड्स की विदेशी मदिरा बरामद की गई। टीम ने मौके से कुल 285 .66 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जब्त की है। आरोपी को गिरफ्तार किया।

## चौकी में रिपोर्ट लिखाकर लौटी महिला जेठ की लाश फांसी पर लटकी मिली

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत सालीवाड़ा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि मृतक शराब के नशे में था और विवाद कर रहा था जेठ की रिपोर्ट करने महिला चौकी पहुंची थी जब वापस लौटी तो जेठ का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पुलिस ने बताया कि श्रीमति राखी बर्मन 24 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाड़ा ने सूचना दी कि उसका जेठ मुकेश बर्मन शराब के नशे में घूम रहा था और अपने सिर में ईंटा मार रहा था हम लोगों से विवाद कर रहा था हम लोग चौकी में रिपोर्ट लिखाकर घर पहुँचे तो देखा जेठ मुकेश बर्मन उम्र 36 वर्ष खुले कमरे में लेंटर की रॉड से चुनरी से फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटका है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

पुरानी यादें

प. बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्थित हावड़ा ब्रिज से भी पुराना था ब्रिज

## इतिहास बनकर रह गई अंग्रेजों की नायाब इंजीनियरिंग

**जबलपुर, नवभारत।** अंग्रेजों के ज़माने की शानदार इंजीनियरिंग का एक नमूना और नैरोगेज ट्रेन की एक मात्र निशानी जमतरा रेलवे ब्रिज अब इतिहास बन चुका है। इस ब्रिज के अंतिम हिस्से को दिसंबर माह के शुरू में ही गिरा दिया गया था। उस दौरान मौके पर मौजूद लोग भावुक नजर आए थे। आसपास बसे गांव के लोगों की सदियों पुरानी यादें इस ऐतिहासिक ब्रिज से जुड़ी हुई थी। जो अब इतिहास के पन्नों में दर्ज़ हो चुका है। जानकार बताते हैं कि जमतरा रेलवे ब्रिज पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के हावड़ा ब्रिज से भी पुराना था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इसे 2.97 करोड़ में कबाड़ी को नीलाम कर दिया। जून 2025 से इस ब्रिज को उपकरणों से काटने का क्रम चल रहा था, जो दिसंबर माह में इसके अंतिम छोर के धराशायी होने के साथ खत्म हो गया।

### इतिहास के पन्नों से...

- जमतरा रेलवे ब्रिज का लोकार्पण सन् 1927 में हुआ
- कोलकाता के हावड़ा ब्रिज का लोकार्पण सन् 1943 में हुआ
- ये ब्रिज उस जमाने की बेहतरीन इंजीनियरिंग की मिसाल था
- वर्तमान में 51 करोड़ में भी बनना मुश्किल है
- साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 2.97 करोड़ में कबाड़ी को किया नीलाम



लोगों का कहना है कि इस ऐतिहासिक पुल से खिरहनी के आसपास के कई गांवों के लोग पैदल या दोपहिया वाहनों से सुविधाजनक तरीके से आवागमन करते थे।

### 1927 में हुआ था लोकार्पण

जानकारों का कहना है कि जमतरा ब्रिज बेहतर इंजीनियरिंग की मिसाल था। इसमें जिस स्टील का उपयोग किया गया था, उसमें आज तक जंग नहीं लगी थी। नर्मदा नदी पर बने जमतरा ब्रिज का लोकार्पण ब्रिटिश शासन काल के दौरान 1927 में किया गया था। यह ब्रिज पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के हावड़ा ब्रिज से भी पुराना था। हुगली नंदी पर बने हावड़ा ब्रिज का लोकार्पण सन 1943 में हुआ था। मेंटेनेंस की वजह से हावड़ा ब्रिज अभी भी लोगों के उपयोग में आ रहा है। इसे भी थोड़ी सी मरम्मत के बाद लोगों की पैदल आवाजाही में उपयोग में लाया जा सकता था। लोगों का कहना है कि जमतरा ब्रिज जैसा पुल आज के समय में 51 करोड़ खर्च करने के बाद भी नहीं बन पाएगा।

### लगभग सौ वर्षों पुराना था ब्रिज

शहर का ही दुर्भाग्य कहें कि इसको बचाने लिए कोई आगे नहीं आया और अंतत: 98 साल पुराना स्टील ब्रिज महज इतिहास का हिस्सा बनकर रह गया। यह पुल ग्रामीणों के आवागमन के लिए सुरक्षित और मजबूत था। इसके टूटने के पहले तक खिरहनी के अलावा बढ़्याखेड़ा, समद पिपरिया, मोहास, बहोरीपार, नारायणपुर, नीमटोला समेत अन्य गांवों के लोग गौर व शहर की आना-जाना करते थे।

## 4 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार पांच दुपहिया वाहन जब्त

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चुराये हुये पांच दुपहिया वाहन कीमती लगभग 4 लाख 50 हजार रुपये के जप्त किए गए है। पकड़े गए आरोपी एक साथ जाकर रैकी कर सुनसान जगह खडे वाहन का लाक तोड़ कर वाहन को पल झपकते ही चुरा लिया करते थे। टीआई सुभाष चंद बघेल ने बताया कि भटौली कुण्ड के पास टूव्हीलर बेचने की फिराक में घूम रहे अमन पटैल उर्फबाटली पिता अमर पटैल 19 वर्ष निवासी बनारसी सुनार के पास कालीमठ मंदिर मदनमहल व तीन बालकों को पकड़ा गया। जिनसे मोटर साईकिल व स्कूटी के कागजात मांगने पर कोई कागजात नहीं होना बताये। संदेह होने पर सभी को थाने लाकर सघन पूछताछ करने पर दोनों वाहन चोरी के होना स्वीकार करते हुये चारों ने अपने अन्य साथी सृजल राय निवासी ग्रीनसिटी माढोताल के साथ मिलकर थाना ग्वारीघाट, लार्डगंज, गढा, मदनमहल व गोहलपुर क्षेत्र से कुल पांच वाहन चोरी कर आपस में बांट लेना बताये। चारों से एक-एक दुपहिया वाहन जप्त किये गये है। फरार सृजल राय पिता रामकृपाल राय 21 वर्ष निवासी ग्रीनसिटी माढोताल के घर पर पुलिस ने दबिश दी जो नहीं मिला। जिसके घर से एक दुपहिया वाहन जो कि थाना ग्वारीघाट क्षेत्र से चुराया था जब्त किया गया।

